आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अटहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज द्वीपों के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए है–मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा।
- आज के समारोह को देखते हुए यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए है।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए देते हुए सभी से राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर विकसित भारत का सपना साकार करने की अपील की है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत अनेकता में एकता की भावना के साथ एकजुट होकर आगे बढ रहा है।
- द्वीपसमूह में इस बार ग्यारह लोगों को उप–राज्यपाल के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अट्ठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस आज मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी आज सुबह नौ बजकर चौदह मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद उप–राज्यपाल गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे और बाद में वीरता पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र का वितरण करेंगे। वे द्वीपवासियों को भी संबोधित करेंगे। मुख्य समारोह में पहुंचने से पहले उप–राज्यपाल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल जाकर शहीद स्तंभ पर पुष्प चक्र अर्पित करेंगे और सेल्यूलर जेल में उप–राज्यपाल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। आज के समारोह को देखते हुए यातायात के भी पुख्ता प्रबंध किए गए है। उप–राज्यपाल के वाहन सहित पी–ग्रीन कार्डधारकों को नेताजी स्टेडियम के भीतर पार्किंग करने की व्यवस्था की गई है। पी–पिंक कार्डधारकों को अंडमान क्लब और नेताजी स्टेडियम के नजदीक अपने वाहन पार्क करने होंगे। पी–कार्डधारक वाहनों को सुबह साढ़े आठ बजे तक समारोह स्थल पर पहुंचना होगा। मुख्य अतिथि के जाने के बाद पी–कार्डधारक वाहनों को स्काउट हट जंक्शन और अनिडको कार्यालय के रास्ते अपने गंतव्य की ओर रवाना होना होगा।

पी–वन पार्किंग लेबल वाले वाहनों को मॉडल स्कूल और घंटाघर होकर नेताजी स्टेडियम में आने की अनुमति होगी। बिना पार्किंग लेबल के सभी वाहनों को जल–क्रीड़ा परिसर के नजदीक और गर्ल्स स्कूल पार्किंग पर वाहन खड़े करने होंगे।

अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, बंगाली क्लब, गोलघर, सचिवालय जंक्शन, पुलिस लाईन और नया गांव के रास्ते जाने की अनुमति होगी। आज सुबह सात बजे से दिन में ग्यारह बजे तक किसी भी भारी वाहन, निजी और एस टी एस के बसों को सेल्युलर जेल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी और इन्हें बंगाली क्लब से अन्य मार्गों की ओर भेजा जाएगा। साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार आने वाले वाहनों को शादीपुर, पुलिस लाईन और गोलघर के रास्ते आना होगा। सुबह साढ़े आठ बजे के बाद किसी भी वाहन को वाई नारायण जंक्शन, आर के मिशन, फायर ब्रिगेड और जल क्रीड़ा जंक्शन से समारोह स्थल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। जी बी पंत अस्पताल जाने वाले वाहनों को गांधी स्टैच्यू, मरीन गेट, सिष्टी नगर, डिगनाबाद सी–शोर मार्ग से अस्पताल के बाहरी गेट से प्रवेश करने दिया जाएगा। बंगाली क्लब से घंटाघर, जिमखाना क्रॉसिंग, राउंड बस्ती होते हुए भी अस्पताल जाने के लिए व्यवस्था की गई है। एम्बुलेंस और आपात सेवा के वाहनों को ही वाई. नारायण जंक्शन, सेल्यूलर जेल के रास्ते अस्पताल जाने की अनुमति होगी। अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप, नॉर्थ बे के लिए संचालित होने वाले निजी पर्यटक जलयानों को आज जंगलीघाट जेट्टी से संचालित करना होगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आज अट्ठारत्तवां स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश सभी द्वीपवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह पावन अवसर उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के स्मरण का है, जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। उप–राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व हमें देश के विकास के लिए एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है। द्वीपसमूह स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष एवं बलिदान का प्रत्यक्ष साक्षी है। हम सभी को बंधुत्व एवं सौहार्द की भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर विकसित भारत का सपना साकार करना है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व समस्त द्वीपवासियों के जीवन मे समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए और यह द्वीपसमूह प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहे।

सांसद बिष्णु पद रे ने अपनी शुभकामना संदेश में कहा कि आज हम सभी को अपने महान नेताओं के बलिदान को याद करना चाहिए, जिन्होंने भारत की आज़ादी के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। उन्होंने देश को बांटने वाली विघटनकारी शक्तियों से सर्तक रहने का अनुरोध करते हुए ऐसे तत्वों को पराजित करने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने और देश को विश्वगुरू बनाने में योगदान देने का अनुरोध किया। पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत अनेकता में एकता की भावना के साथ एकजुट होकर आगे बढ रहा है। सामाजिक असमानता को बढावा देने वाली पुरानी प्रथाओं को नकराने का समय आ गया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि यह दिवस 140 करोड देशवासियों के साथ महान देश का हिस्सा होने की हमारी खुशी को अभिव्यक्त करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर आम्बेडकर को उदृत करते हुए कहा कि हमें राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों और समाज के निचले तबके के लोगों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवी बडी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह देश के किसानों, श्रमिकों और दूरदर्शी योजनाकारों और उद्योगपतियों के प्रयासों से ही संभव हुआ है।

<><><><><><><>

78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए देशभर में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के प्राचीर से राष्ट्रधव्ज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का विषय विकसित भारत/2047 है। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह समारोह 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की दिशा में सरकार के प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री के देशवासियों को संबोधन का सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसे अब से कुछ देर बाद सात बजे से सुना जा सकता है।

उधर, पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का आंखो देखा हाल सुबह नौ बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में इस बार ग्यारह लोगो को उप–राज्यपाल के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इनमें डॉ. सूजा एंथोनी, डॉ. प्रज्ञा शर्मा, डॉ. अंजलि, के अलावा पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल, उप–पुलिस अधीक्षक कुमार अभिषेक, विंग कमांडर परमवीर सिंह, सचिवालय के सुरेश कुमार, वी कुमार, वन विभाग के मुहम्मद हुसैन, खिलाड़ी एन निकिता और बॉबी थापा शामिल है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के पांच अधिकारियों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया हैं। इनमें दो हजार दस बैच की आई पी एस अधिकारी वर्षा शर्मा, ए एस आई आंडी, प्रधान सिपाही पी बाबूराव, प्रधान सिपाही के अनबालगन और होम गार्ड डी उदय कुमार शामिल है। द्वीपों के पुलिस महानिदेशक देवश चन्द्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रपति के पुलिस पदक प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों को अपनी शुभकामनाए दी है।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान को बड़ी सफलता मिल रही है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह विशेषकर पोर्ट ब्लेयर के विभिन्न इलाकों में इस अभियान के तहत हर घर में तिरंगे को फहराया गया है। अंडमान निकोबार प्रशासन और नगरपालिका परिषद् की ओर से तीस हजार घरों में झंडों का वितरण किया गया है। घरो, दुकानों के अलावा सार्वजनिक भवनों, कार्यालयों में भी तिरंगा लहरा रहा है। इस बीच स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज पोर्ट ब्लेयर शहर के विभिन्न स्थानों में सामानों की बिक्री के लिए फुटकर विक्रेताओं द्वारा सामानों को सजाया जा रहा हैं। अबरडीन बाज़ार जैसे क्षेत्र में सुबह से ही ऐसे विक्रेता अपने कामों में व्यस्त हो गए है।

<><><><><><><>

जहाजरानी विभाग बम्बूफ्लाट और आस–पास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए आज शाम छः बजे तक अतिरिक्त फेरी की व्यवस्था की है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि देश में अनाज की कोई कमी नहीं है, लेकिन हमें ये जांच करनी होगी कि जो खाद्य पदार्थ हम ले रहे हैं, वह हमारे विकास के लिए सही है या गलत। वे क्यारी में द्वीपों में प्राकृतिक कृषि की संभावनाएं और चुनौतियों पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला व संगोष्ठी मे ंअपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों, यूरिया और रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि में इसका प्रयोग न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है, बल्कि ये मिट्टी की उर्वरक क्षमता को भी नष्ट कर देता है। फसलों के उत्पादन में अत्याधिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा है और इससे मानव में कई किस्म की बीमारियां भी जन्म लेने लगी है और ये हमारे भविष्य की पीढ़ी के लिए भी हानिकारक है। मुख्य सचिव ने किसानों से प्राकृतिक कृषि को इस तरह अपनाने को कहा जिससे न सिर्फ खाद्य उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो सके, बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके। उन्होंने प्राकृतिक कृषि के लाभ के बारे में अन्य किसानों को भी जानकारी देने का अनुरोध किया। आयुक्त व सचिव कृषि नन्दिनी पालीवाल ने प्राकृतिक कृषि के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन, कृषि विभाग और क्यारी द्वीपों में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है और ये कार्यशाला इस दिशा में काफी मददगार साबित होगा।

**<><><><><><><>**